## एक नजर में

### बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद ने हनुमान चालीसा का पाठ और कारसेवकों का सम्मान किया

**बड़वाह, निप्र।** विश्वहिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा आनंदेश्वर मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ और आतिशबाजी कर शौर्य दिवस मनाया। इस अवसर पर कार ससेवकों का सम्मान किया गया। देवेश द्विवेदी, धर्मेंद्र अम्बिया, ललित, संजू शर्मा, सतीश वर्मा, देवेश द्विवेदी नें उस समय की अयोध्या की घटना का विवरण किया और कहा की उस समय कैसे ढाँचा टुटा और और कार्यकर्तता नें उत्साह मनाया। देवेश नें कहा की मेरा उस समय पैर भी फेक्चर हो गया था क्योंकि मलबे मे मेरा पैर फ़स गया था धर्मेन्द्र अम्बिया नें कहा की उस समय घर घर जाकर एक एक रूपये इकट्ठा किये थे राम नाम की ईट के नाम से और जन जागरण चलाया था। सन्नी कुंवादे, नगर अध्यक्ष अजय, बंटी कौशल, अजय शर्मा, मनोज जैन, देशा मेरानिया, यश गुजर, गोलू सोनी, अजय शुक्ला, रितेश दुबे, मेहुल शुक्ला, युवराज सिंह तोमर, दीपक सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक हितेंद्र सिंह सोलंकी, अशोक तिवारी, रमेश बिरला, दुलीचंद चोपड़ा, राघवेंद्र तिवारी और सभी बजरंग दल विश्वहीन्दू परिषद कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



### विनय बाल मन्दिर में लगा फन मेला

**खरगोन।** शहर के जैतापुर क्षेत्र में संचालित हो रहे विनय बाल मन्दिर हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को फन मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चो ने न केवल खुद के बनाये व्यंजनों के स्टॉल लगाकर व्यापार किया, बल्कि मनोरंजक खेल, झूलो का आनन्द भी लिया। सुबह 10 बंजे संचालक श्रीमती कविता अत्रे, उज्ज्वल अत्रे एवं प्राचार्य ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेले में व्यापार को लेकर बच्चो में उत्साह नजर आया। अपने स्टॉल का सामान बेचने के लिये भरपूर व्यापारिक गुण दिखाते हुए ग्राहकों को लुभाने के लिये ऑफर भी दिए। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए। इनमें पानी पूरी, खमण, पावभाजी, जलेबी, गुजराती चिवड़ा, मेवाड़ी राब, आइसक्रीम, फ्रूट चाट, तरह-तरह के पकौड़े, पेस्ट्री और भेल पूरी सहित कई चटपटे व स्वादिष्ट व्यंजन शामिल रहे। बच्चों द्वारा तैयार किए स्टॉल्स ने न केवल मेले की रौनक बढ़ाई बल्कि उनमें व्यवसायिक समझ भी विकसित की। विद्यार्थी प्रज्ञा शुक्ला, रिद्धिमा सांवले, विराट महाजन, प्रशांत कुमरावत, सिद्धांत तोमर, पृथ्वीराज तंवर आदि ने बताया मेले में बहुत इब्जॉय किया। हमने खुद के स्टॉल से सामग्री बेचने के साथ ही सहपाठियों के लगाए स्टॉल से भी पसन्द की सामग्री खरीदी। हमने जो खर्च किया था, मेले में उस राशि से अधिक बचत मिलने से बेहद खुशी हुई। प्राचार्य ने बताया कि बाल मेले के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता, स्वाद, उपभोक्ता से आदर्श व्यवहार और तनाव प्रबंधन जैसे कौशल सिखाए गए इसमे पालक भी शामिल हुए, जिन्होंने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए स्टॉल पर भ्रमण कर खाद्य सामग्री की खरीदी जी। पालको ने स्कूल प्रबंधन की इस आयोजन के लिये सराहना भी की।



### पिपल्या बुजुर्ग पशु मेले में सुमित पाटीदार को किया सम्मानित, उत्तम निमाड़ी नस्ल के लिए मिला सम्मान



**खरगोन, निप्र।** संत कालूजी महाराज की स्मृति में ग्राम पिपल्या बुजुर्ग में लगने वाले पशु मेले में इन दिनों मवेशियों की खरीदी-बिक्री जमकर चल रही है। प्रतिदिन सैकड़ों किसान यहां अपने पशुधन लेकर पहुंच रहे हैं। इस दौरान निमाड़ी नस्ल के बैलों के पालकों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसी के तहत उत्तम निमाड़ी नस्ल की बैलजोड़ी को लेकर आयोजित प्रदर्शनी में गोपालपुरा के सुमित मोहन पाटीदार की बैलजोड़ी ने आयोजन समिति एवं निर्णायकों का ध्यान आकृष्ट कराया है। सुमित की बैलजोड़ी को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पुरस्कार समारोह में महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, मेला समिति अध्यक्ष देवीसिंह सोलंकी, सचिव मेला समिति छगन पिपल्दे आदि ने सुमित एवं दादा रामजी को उत्तम बैलजोड़ी के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि संत कालूजी महाराज की स्मृति में लगने वाले इस मेले में प्रतिवर्ष महाराष्ट्र, राजस्थान व अन्य क्षेत्रों से मवेशियों को खरीदने व बेचने के लिए पशुपालक पहुंचते हैं। मेले में मनोरंजन के साधनों में सिनेमा, झूला, आकर्षक दुकानें लगी हैं। मेले में चिकित्सा व सुरक्षा के लिए पुलिस बल व डॉक्टरों को तैनात किया गया है। मेला क्षेत्र में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा भ्रमण कर किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

### बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर निकाला कैंडल मार्च, बाबा साहब अमर रहे का गूंजा नारा

**खरगोन, निप्र।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार देरशाम शहर में श्रद्धांजलि स्वरूप कैंडल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च में एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। शाम 6 बजे बाबा साहब के अनुयायी बिस्टान नाका स्थित टंट्या मामा प्रतिमा स्थल पर एकत्रित हुए। यहां से सभी हाथों में जलती हुई मोमबत्तियां लेकर बाबा साहब अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा, जैसे नारा लगाते हुए शहर के मुख्य मार्गों पर निकले। कैंडल मार्च सब्जी मंडी स्थित बाबा साहब प्रतिमा स्थल पहुंचा, जहां कैंडल मार्च का समापन किया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति-जनजाति संघर्ष मोर्चा के रामेश्वर बड़ोले ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षों पर विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा हासिल कर अच्छे कार्यों से समाज एवं राष्ट्र को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभी ने बाबा साहब के विचारों पर चलते हुए समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नितेश आड़तिया, जगदीश भालसे, जीतू वर्मा, अजय भालसे आदि का सराहनीय योगदान रहा।



### सशस्त्र सेना दिवस पर बलिदानियों को किया याद




**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर कार्यालय सभागार में रविवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां एकत्रित अधिकारियों, पूर्व सैनिकों ने बलिदानी वीर सैनिकों को याद किया। संयुक्त कलेक्टर शकुंतला सोलंकी डावर सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के संदेश के वाचन से हुई। इसके बाद अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैज लगाया और सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया। संयुक्त कलेक्टर ने सभी को झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं और उपस्थित पूर्व सैनिकों व सैनिक परिवारों से उनके हाल-चाल जाने। इस अवसर पर जिला संयोजक कैप्टन सुरेश सिंह चौहान, पूर्व सैनिक समिति अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, वीर नारी संतोषी बघेल सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और सैनिक परिवार मौजूद रहे।

# आत्मविश्वास और अनुशासन बढ़ाते हैं खेल : सांसद सोलंकी

## सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत भगवानपुरा में हुआ भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**खरगोन/भगवानपुरा, निप्र।** खेल हमारे शरीर की आंतरिक एवं बाहरी संरचना को मजबूत करते हैं। साथ ही जीवन में अनुशासन एवं आत्मविश्वास को निरंतर बढ़ाते हैं। खेलने के लिए कोई उम्र नहीं होती है। अत: स्वस्थ तन और मन के लिए प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्ति को खेलों से जुड़ना चाहिए। यह बात खेलों के अवसर प्रदान करने के मूल उद्देश्य के निहितार्थ भगवानपुरा विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने कही। शनिवार को भगवानपुरा उत्कृष्ट स्कूल के मैदान पर हुए कार्यक्रम में श्री सोलंकी ने उपस्थित विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें खेलों का महत्व बताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, पूर्व जिलाध्यक्ष बड़वानी ओम सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुगनकौर जाधव, सांसद खेल महोत्सव के जिला प्रभारी लक्ष्मण काग, जिला मंत्री व सांसद खेल महोत्सव के विधासभा प्रभारी चंदरसिंह वास्कले, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष बापूसिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष महेंद्र किराड़े, उपाध्यक्ष संदीप राठौर, पूर्व विधायक जमनासिंह सोलंकी, विजयसिंह पटेल, बिस्टान नगर परिषद अध्यक्ष डेमसिंह नार्वे, मंडल अध्यक्ष महेश डावर भगवानपुरा, रूपेश मालवीय सिरवेल, बंटी राठौर बिस्टान, विक्रम राठौर, प्रेमसिंह सिसोदिया, रंगा डावर, एसआईआर जिला संयोजक विजय पटेल, गोविंद बड़ोले, दुरसिंह सोलंकी, प्रह्लाद वास्कले, ओमप्रकाश तिवारी, गोवर्धन जायसवाल, विजय जायसवाल, सरपंच ज्ञानसिंह डावर, अमित मौर्य, भानु श्रीमाली, मनोरमा दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंचासीन थे। विधासभा प्रभारी श्री वास्कले ने कहा आगामी दिनों में विभिन्न विधाओं में आयोजन होंगे। जीतने वाली टीमें जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेगी। जिला प्रभारी श्री काग ने कहा सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत खरगोन जिले में तथा खरगोन जिले के भगवानपुरा में सर्वाधिक पंजीयन हुआ है। शुभारंभ अवसर पर कन्या शिक्षा परिसर धुलकोट एवं बालक छात्रावास भगवानपुरा के बालक-बालिकाओं द्वारा आदिवासी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। खेल विधाओं के अंतर्गत पार्टी संगठन एवं जनप्रतिनिधियों की टीम के बीच बहुत रोमांचक मुकाबला हुआ। बालिका वर्ग कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूल से आए विद्यार्थी, क्षेत्रवासी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन खेल एवं युवा कल्याण विभाग में विकासखंड खेल अधिकारी भानुप्रताप सिंह ने किया। आभार मंडल महामंत्री दीपक जामले ने माना।





## हर पात्र विद्यार्थी को मिलेगा साइकिल योजना का लाभ

**बड़वाह, निप्र।** मोहन यादव जी सरकार के संकल्प को मन में ठान कर विधायक सचिन बिरला ने रविवार को निज निवास पर ग्राम मरदलिया के 30 छात्र-छात्राओं को समय पर स्कूल पहुंचने के लिए विधायक बिरला ने साइकिलें वितरित कीं। ये विद्यार्थी जी मैपिंग में त्रुटि के कारण प्रदेश शासन की साइकिल वितरण योजना से वंचित रह गए थे।

साइकिल पाकर विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि साइकिलें मिलने से स्कूल आवागमन में सहूलियत होगी और समय में भी बचत होगी। विद्यार्थियों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मांग पर ग्राम मरदलिया के शासकीय स्कूल परिसर में पेयजल हेतु शीघ्र ही ट्यूबवेल खनन कर मोटरपंप लगाने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को शासन की साइकिल वितरण का लाभ दिया जाएगा। प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी को यथोचित शैक्षणिक सुविधाएं मिलें। ताकि बच्चे शिक्षित होकर परिवार, समाज और देश की सेवा कर सकें। साइकिल वितरण के दौरान भाजपा नेता दिलीप पटेल, गोविंद बिरला, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोहन यादव, जीवनलाल बिरला, रामेश्वरशुक्ला, राजेंद्र पंड्या आदि उपस्थित थे।



## विधायक ऊषा ठाकुर ने महेश्वर में मां नर्मदा को चढ़ाई चुनरी, राजराजेश्वर मंदिर में टेका मत्था





**महेश्वर, निप्र।** महू विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश की पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने अपने महेश्वर अल्प प्रवास के दौरान माँ नर्मदा तट पर पहुंचकर माँ नर्मदा का विधिविधान से पूजन-अर्चन किया। उन्होंने नर्मदा के प्रति अपनी गहरी आस्था समर्पित करते हुए श्रद्धापूर्वक चुनरी चढ़ाई। जूना राम मंदिर मण्डलेश्वर के आचार्य पंडित पंकज मेहता द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से संपन्न करवाया गया। पूजन के बाद, सुश्री ठाकुर ने ऐतिहासिक राज राजेश्वर मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी दर्शन किए और देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक यात्रा के दौरान, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री ठाकुर के साथ दीपक ठाकुर और मयंक मोनू ठाकुर सहित। परिवार जन उपस्थित रहे। उनके प्रवास के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया।

## पीरान पीर शीतला माता मेले की तैयारियों को लेकर बैठक



**सनावद, निप्र।** पीरान पीर शीतला माता मेले की तैयारियो को लेकर नगरपालिका परिषद कक्ष मैं बैठक, इस मीटिंग में मेले को लेकर हो रही तैयारी पर चर्चा की गई साथ ही कमियों पर आकलन किया गया व्यवस्था को मजबूत कर मेले को व्यवस्थित रूप से लगाया जाये इन बिन्दुओ के साथ साथ ट्रैफ़िक का ध्यान रख कर उसकी भी वेकल्पिक व्यवस्था पर निर्णय लिए गए, मेले के बाहरी तरफ भी पार्किंग की सहमति पर बात बानी इन सब व्यवस्था के बावजूद मेले में आने वाली जनता की लिए पानी, लाइट् और सुलभ काम्प्लेक्स की सुविधा पर ध्यान दिया गया मीटिंग में पत्रकार, पार्षद गण और मुख्य नगरपालिका अधिकारी के साथ साथ नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला, जय शिंदे, शकरीन शेख, विनोद गौड़, आशिक अली, राजेश जैन उपस्थिति रहे।

## अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस मनाया



**भीकनगाव, निप्र।** म,प्र राज्य आनंद संस्थान खरगोन द्वारा जिले के भीकनगाव मे नवीन आदिवासी बालक आश्रम में सेवा दिवस संगोष्ठी के रूप में मनाया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद के बी मंसारे ने छात्रों से कहा कि आप पढाई के साथ ही स्वास्थ्य देखभाल रखें, समय पर खेलना, समय पर सोना भी जरूरी है।तथा आनंद पूर्वक जीवन जीना है । स्वैच्छिक सेवा योगदान को बढाना है।आपस मे सभी मित्रता पूर्वक रहें।आनंदक एवं आनंद क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण की बात कही।आश्रम अधीक्षक मनोज मोरे ने कहा कि हमें मानव सेवा में कार्य करना है।आश्रम में बच्चों के बीच आनंदक साथियों ने बहुत ही आनंद का वातावरण बनाया। संगोष्ठी में कहा कि मानवता से बढ़ कर और इंसानियत ही बडा मानव धर्म हैं।ये बच्चे देश का भविष्य हैं इनके हाथो में देश की बागडोर रहेगी। हमें सेवा भाव की धारणा से आगे बढना है।

## नहर में गिरी बाईक : महिला की मौत पति और बेटी की हालत गंभीर



**खरगोन, निप्र।** जिले के ग्राम ठीबगांव और रामपुरा के बीच से गुजर रही इंदिरा सागर परियोजना की नहर में रविवार दोपहर एक बाईक सवार दंपत्ति अचानक असंतुलित होकर गिर गए। इस हादसे में पत्नि की मौत हो गई, जबकि पति और दो साल की मासूम बेटी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार नहर में डूबने से पुरुषोत्तम सुभाष पटेल ओर दर्शिता पिता पुरुषोत्तम (2) को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचाररत पुरुषोत्तम के बड़े पापा बलीराम पटेल ने बताया कि पुरुषोत्तम अपनी पत्नि और बेटी के साथ गोपालपुरा के समीप करोंदिया गांव में रिश्तेदार के पगड़ी रस्म में शामिल होने गया था। शार्टकट रास्ते जो नहर के समीप से होकर गुजरता है, उससे होकर लौट रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 3.30 बजे रामपुरा ओर ठीबगांव के बीच नजर के रास्ते पर बाईक असंतुलित होकर नजर में जा गिरी। नहर में बाइक गिरने की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान एवं मजदूर मौके पर पहुंचे। दंपती को बाहर निकाला। लेकिन तब तक ज्योति की मौत हो गई थी। पुरुषोत्तम और दर्शिता को 108 से तत्काल अस्पताल लाया गया।

**एक नजर में** — इंदौर में सफल चातुर्मास के बाद महाराष्ट्र के पुसेगांव की ओर विहार कर रहे हैं जैन मुनि

# सनावद में आचार्य श्री 108 विभव सागर महाराज ससंघ का ऐतिहासिक मंगल प्रवेश

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** जैन धर्म के महान तपस्वी, दिगंबर आचार्य श्री 108 विभव सागर जी महामुनिराज ससंघ का आज सनावद नगर में भव्य एवं दिव्य मंगल प्रवेश हुआ।

इंदौर में सफल चातुर्मास के बाद महाराष्ट्र के पुसेगाँव की ओर विहार करते हुए आचार्यश्री बड़वाह मार्ग से नगर में पधारे। सुबह से ही पूरा शहर जयकारों से गूंज उठा। घर-घर सुंदर रंगोलियों से सजा, सड़कें केसरिया ध्वजाओं एवं तोरणों से पटी थीं। ट्रायंगल चौराहे पर हजारों श्रावक-श्राविकाओं ने , जय-जयकारों के साथ स्वागत किया। नगर में पहले से विराजमान मुनि श्री अक्षय सागर जी महाराज ने भी आचार्य संघ का भावपूर्ण स्वागत कर चरणों में नमोस्तु अर्पित किए। आचार्य संघ ने पैदल नगर भ्रमण करते हुए सभी जैन मंदिरों एवं गृह चैत्यालयों में दर्शन कर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पहुंचे। यहां आचार्यश्री के सान्निध्य में भगवान पार्श्वनाथ का भव्य अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन हुआ। मंदिर परिसर जिनशासन के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद आचार्य श्री शांतिसागर वर्धमान देशना निलय में भव्य सभा हुई। सभा का शुभारंभ नरेंद्र भारती के मंगलाचरण से हुआ। खंडवा से आए श्रावकों ने शीतकालीन वाचना के लिए श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात आचार्यश्री ने मधुर एवं अमृतमयी देशना दी, जिसमें तत्त्व चर्चा कर सभी को धर्म का मार्ग दिखाया।

**आज आहारदान का पुण्य प्राप्त करने वाले परिवार:-** सुधीर कुमार चौधरी परिवार, वर्धमान बहुमंडल, सुनील कुमार जैन जम्बूदीप परिवार, सावित्रीबाई कैलाशचंद जटाले परिवार, अविनाश कुमार जैन परिवार, सुरेंद्र कुमार पाटनी परिवार, दोपहर में तत्त्व चर्चा एवं स्वाध्याय कक्षा हुई तो शाम को भक्तिपूर्ण सामायिक, मंगल आरती एवं दीप प्रज्वलन के साथ दिन का समापन हुआ। सनावद जैन समाज के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों ने बताया कि आचार्यश्री का सान्निध्य नगर के लिए अत्यंत दुर्लभ एवं पुनीत अवसर है। पूरा नगर आज एक परिवार की तरह एकत्र होकर जिनशासन के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहा है। जैन समाज सनावद की ओर से आचार्य श्री 108 विभव सागर जी महाराज को प्रति नमस्तो किया जायेगा।



